# छत्तीसगढ़ में ‘ओमिक्रोन’के लिये होगी हेल्प डेस्क

## चर्चा में क्यों?

30 नवंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बताया कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य के सभी तीन हवाई अड्डों- रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर में कोविड-19 एवं उसके नए संस्करण ‘ओमिक्रोन’की स्क्रीनिंग के लिये हेल्प डेस्क स्थापित की जाएंगी।

## प्रमुख बिंदु

- हेल्प डेस्क विदेशों से आने वाले व्यक्तियों से कोविड-19 टेस्ट, टीकाकरण, क्वारेंटाइन और कोरोना के लक्षणों की जानकारी मांगेंगी।
- यह दक्षिण अफ्रीका में पाए जाने वाले कोरोना वायरस ‘ओमिक्रोन’के नए संस्करण के मद्देनज़र निगरानी और व्यापक सावधानियों का हिस्सा है।
- जिन व्यक्तियों ने भारत आने के बाद सात दिन की क्वारेंटाइन अवधि पूरी नहीं की है, उन्हें सात दिन का होम क्वारेंटाइन सुनिश्चित करने के लिये कहा जाएगा।
- आठवें दिन उनका रियल टाइम पोलीमरेज चेन रिएक्शन (आरटी-पीसीआर) टेस्ट होगा। यदि परीक्षण सकारात्मक आता है, तो नमूना संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण **(WGS)** के लिये भेजा जाएगा।
- इसके अलावा, विभाग ने सभी ज़िलों को किसी भी नए प्रकार की रोकथाम और त्वरित पहचान के हिस्से के रूप में कोविड -19 परीक्षणों की संख्या में वृद्धि करने तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार कोरोना टेस्टिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/help-desk-for-omicron-in-chhattisgarh